पत्रांकः आई0एस0डब्लू0 / आई0एन0डी0 / 632 / 2024

दिनांक :— 26 नवम्बर, 2024

प्रेषक,

संबद्धता नियामक प्राधिकारी
इंडिया स्पेस वीक,
नई दिल्ली।

सेवा में,

प्रोफेसर वंदना सिंह,
कुलपति,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर, उत्तर प्रदेश।

विषय : इंडिया स्पेस वीक द्वारा दिनांक 22 दिसम्बर 2024 एवं 05 जनवरी 2005 को प्रायोजित राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्याल के समस्त कॉलेज में, आयोजित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपको अवगत कराना है की इंडिया स्पेस वीक द्वारा **राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला** का आयोजन दिनांक 22 / 12 / 2024 एवं 05 / 01 / 2025 को किया जा रहा है इसका उद्देश्य साइबर फ्रॉड से अपने देश के नौजवानों / छात्रों को जागरूक करना है जिससे देश के नौजवानों को साइबर फ्रॉड का शिकार होने से बचाया जा सके। अभी हाल ही में माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा **मन की बात** जैसे लोकप्रिय कार्यक्रम के माध्यम से करोड़ों जन सामान्य नौजवानों / छात्रों को डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड की जानकारी दी गयी जिससे सभी देशवासियों को जागरूक किया गया है। इसी क्रम में इंडिया स्पेस वीक द्वारा एक महत्वाकांक्षी अभियान राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन प्रारम्भ कर रहा है कार्यशाला को अविस्मरणीय बनाने हेतु वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय के समस्त कॉलेज के छात्रों / शिक्षकों की भागीदारी के लिए आमंत्रित करता है। इस दौरान साइबर सुरक्षा से सम्बन्धित नवीनतम जानकारी साइबर एक्सपर्ट और इंडिया स्पेस अकादमी एवं इंडिया स्पेस लैब के विद्वान वैज्ञानिकों के सहयोग से कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा पूर्व में दिए गए साइबर अरेस्ट पर जागरूक रिकॉर्डेड वीडियो सन्देश को भी प्रसारित किया जायेगा।

इस क्रम में एक दिवसीय कार्यशाला, सोशल मीडिया फ्रॉड, साइबर अरेस्ट, नेटवर्किंग और वाईफाई हैकिंग सुरक्षा, डिजिटल गिरफ्तारी सुरक्षा, ई—मेल धोखाधड़ी, साइबर अटैक आदि जैसे अलग—अलग विषयों पर आयोजित की जायेगी। उक्त कार्यशाला साइबर सुरक्षा से सम्बन्धित है राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता के लिए किया जा रहा है इसलिए हमारी अपेक्षा है कि उक्त कार्यशाला की सूचना विश्वविद्यालय के समस्त कॉलेज के छात्र / छात्रों / शिक्षकों प्रेषित की जाये जिससे कार्यशाला को समस्त छात्र / छात्रा एवं शिक्षकों तक पहुंचाया जा सके। आशा है की आप हमारे इस महत्वाकांक्षी अभियान में अपना सकारात्मक सहयोग प्रदान करते हुए उक्त कार्यशाला की जानकारी छात्र / छात्रा और शिक्षकों की भागीदरी करा कर अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करेंगे।

धन्यवाद सहित।

संलग्नक : भारत अन्तरिक्ष सप्ताह द्वारा आयोजित कार्यशाला का विस्तृत विवरण।

ह0 / —
सम्बद्धता नियामक प्राधिकारी
इंडिया स्पेस वीक
नई दिल्ली

Fax.: (05452) 252244, 252344
Web.: www.vbspu.ac.in

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पृष्ठांकन : /पू0वि0वि0/सम्बद्धता/2024/3403 तद्दिनांक– 09·12·24

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त महाविद्यालय, (सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर) को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त पत्र के आलोक में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
2. निजी सहायक कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. वेबमास्टर, को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

कुलसचिव